CLASS : 12th (Sr. Secondary)

Series : SS/Annual-2023

रोल नं०

Code No. 203

**SET : D**

# हिन्दी केन्द्रिक (कोर)

**[ सभी वर्ग I, II, III के लिए ]**

***ACADEMIC/OPEN***

(Only for Fresh/Re-appear/Improvement/Additional Candidates)

*समय : 3 घण्टे ]* *[ पूर्णांक : 80*

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ 7 तथा प्रश्न 11 हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये कोड नम्बर तथा सेट को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें। रोल नं० के अतिरिक्त प्रश्न-पत्र पर अन्य कुछ भी न लिखें और वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तरों पर किसी प्रकार का निशान न लगाएँ।*
- ***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) प्रश्नों के निर्धारित अंक उनके सामने दिए गए हैं।*

*(iii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उचित विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 6 = 6

   (i) 'पतंग' कविता में लाल सवेरे को कैसा कहा गया है ?

   (क) खरगोश की आँखों जैसा (ख) उजाला जैसा

   (ग) कपास जैसा (घ) चमकीला जैसा

   (ii) 'कैमरे में बंद अपाहिज' करुणा के मुखौटे में छिपी किसकी कविता है ?

   (क) दया की (ख) परोपकार की

   (ग) वात्सल्य की (घ) क्रूरता की

   (iii) ममता के बादल की मँडराती कोमलता कहाँ पिराती है ?

   (क) बाहर (ख) चारों ओर

   (ग) भीतर (घ) सर्वत्र

   (iv) 'उषा' कविता में किस रंग की खड़ियाचाक मलने की बात कही है ?

   (क) नीली (ख) पीली

   (ग) सफेद (घ) लाल

   (v) *'हरषे सकल भालु कपि ब्राता'* – यहाँ 'ब्राता' का अर्थ है :

   (क) बात (ख) भाई

   (ग) समूह (घ) बाराती

   (vi) आतंक-अंक पर कौन काँप रहे हैं ?

   (क) किसान (ख) कमजोर

   (ग) मजदूर (घ) धनी

D196368

2. निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

बात ने, जो एक शरारती बच्चे की तरह
मुझसे खेल रही थी
मुझे पसीना पोंछते देखकर पूछा -
"क्या तुमने भाषा को
सहूलियत से बरतना कभी नहीं सीखा ?"

D196368

अथवा

कल्पना के रसायनों को पी
बीज गल गया निःशेष;
शब्द के अंकुर फूटे,
पल्लव-पुष्पों से नमित हुआ विशेष।

D196368

3. गजानन माधव मुक्तिबोध ***अथवा*** सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' के जीवन, साहित्य एवं भाषा-शैली का संक्षिप्त परिचय दीजिए। 5

4. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : 2 × 2 = 4

(क) 'उषा' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) 'सहर्ष स्वीकारा है' कविता में प्रयुक्त 'ममता के बादल' पर टिप्पणी कीजिए।

D196368

D1963368

**5.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के *उचित* विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 6 = 6

(i) 'भक्तिन' पाठ में प्रयुक्त 'जिठौत' शब्द का अर्थ है :

(क) जेठ (ख) बड़ा पुत्र

(ग) जेठ का पुत्र (घ) जेठानी का भाई

(ii) बाजार की असली कृतार्थता किसे कहा है ?

(क) कमाई को (ख) लूटने को

(ग) पर्चेजिंग पावर को (घ) आवश्यकता के समय काम आने को

(iii) 'काले मेघा पानी दे' पाठ में लेखक किस सभा का उपमंत्री था ?

(क) ग्राम-सुधार सभा का (ख) कुमार-सुधार सभा का

(ग) आर्य समाज का (घ) मेंढक मण्डली का

(iv) लुट्टन पहलवान ने चाँदसिंह को कहाँ के दंगल में हराया ?

(क) जामनगर (ख) श्यामनगर

(ग) भावनगर (घ) चाँदनगर

(v) 'दोस्तों, अजीजों की यह हालत' – यहाँ 'अजीज' का अर्थ है ?

(क) जीजा (ख) मेहमान

(ग) मित्र (घ) प्रिय

(vi) आम्बेडकर ने दूध और पानी के मिश्रण की तुलना किससे की है ?

(क) स्वतंत्रता से (ख) समता से

(ग) सम्पन्नता से (घ) भाईचारे से

D1963368

**6.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

दो सेर रसगुल्ला को उदरस्थ करके, मुँह में आठ-दस पान की गिलोरियाँ ठूँस, ठुड्डी को पान के रस से लाल करते हुए अपनी चाल से मेले में घूमता। मेले से दरबार लौटने के समय उसकी अजीब हुलिया रहती-आँखों पर रंगीन अबरख का चश्मा, हाथ में खिलौने को नचाता और मुँह से पीतल की सीटी बजाता, हँसता हुआ वह वापस जाता।

**अथवा**

भारतीय कला और सौंदर्यशास्त्र को कई रसों का पता है, उनमें से कुछ रसों का किसी कलाकृति में साथ-साथ पाया जाना श्रेयस्कर भी माना गया है, जीवन में हर्ष और विषाद आते रहते हैं यह संसार की सारी सांस्कृतिक परंपराओं को मालूम है, लेकिन करुणा का हास्य में बदल जाना एक ऐसे रस-सिद्धांत की माँग करता है जो भारतीय परंपराओं में नहीं मिलता। https://www.haryanaboard.com

**7.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $3 \times 3 = 9$

(क) 'नमक' कहानी का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) लेखक ने शिरीष को कालजयी अवधूत (संन्यासी) की तरह क्यों माना है ?

(ग) बचपन की किन दो घटनाओं ने चैप्लिन पर गहरा एवं स्थायी प्रभाव डाला ?

**8.** *वितान (भाग - 2)* के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) सिल्वर वैडिंग पार्टी में यशोधर बाबू ने केक एवं लड्डू क्यों नहीं खाए ?

(ख) यशोधर बाबू की पत्नी समय के साथ ढल सकने में सफल कैसे होती है ?

(ग) 'जूझ' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(घ) सिंधु-घाटी-क्षेत्र में सर्दियों में वातावरण कैसा होता है ?

(ङ) हिटलर और सैनिकों के बीच रेडियो पर प्रसारित सम्वाद का वर्णन कीजिए।

**9.** ***'अभिव्यक्ति और माध्यम'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) (i) रेडियो नाटक किस प्रकार का माध्यम है ? 1

(ii) भारत में पहला छापाखाना कब और कहाँ खुला ? 1

(ख) फीचर से आप क्या समझते है ? यह कैसे लिखा जाता है ? 3

(ग) कहानी के नाट्य रूपांतरण में किस प्रकार की मुख्य समस्या का सामना करना पड़ता है ? 5

**अथवा**

समाचार लेखन के ***छह*** ककारों के बारे में संक्षेप में लिखिए।

**10.** ***'नैतिक शिक्षा'*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) लोहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से हमें क्या शिक्षा मिलती है ? 3

(ख) महात्मा बुद्ध के अष्टमार्ग का स्वरूप स्पष्ट कीजिए। 3

(ग) भर्तृहरि ने भक्तिहीन पुरुष को निंदनीय क्यों माना है ? 2

(घ) अस्वच्छता की क्या हानियाँ हैं ? 2

11. निम्नलिखित प्रश्नों के *यथानिर्दिष्ट* उत्तर दीजिए :

(क) रूपक अलंकार की परिभाषा सोदाहरण दीजिए। 2

(ख) (i) तन्मय, तपोभूमि (संधि-विच्छेद कीजिए)। 1 + 1 = 2

(ii) दुः + प्रवृत्ति (संधि कीजिए)। 1

(ग) (i) द्वन्द्व समास की परिभाषा दीजिए। 1

(ii) नीलकमल, भरपेट (विग्रह करके समास का नाम लिखिए)। 1 + 1 = 2

(घ) वाक्य शुद्ध कीजिए :

(i) लड़की कितनी सुंदर गाती है। 1

(ii) मंत्री ने सरकार की उपलब्धताएँ गिनवाई। 1